**आवश्यकता है**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928, 8319964648



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 131 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 21 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया







# सिंधिया समर्थक हाशिए पर

## भाजपा में आकर ठगा सा कर रहे महसूस, टिकिट दूर की बात, पद को भी तरस रहे

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कमलनाथ परिवार के भाजपा में शामिल होने की सुगबुगाहट के बीच एक सूची सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। 18 फरवरी को सामने आई इस सूची में ऐसे भाजपा नेताओं के नाम थे, जो कांग्रेस छोड़कर आए हैं। दावा किया गया था कि जब ये कांग्रेस में थे तो पर्याप्त सम्मान मिलता था। अब भाजपा में हाशिए पर हैं। प्रदेश की बात करें तो पिछले 5 साल में भाजपा में गए 63 नेताओं में 56 हाशिए पर हैं। सात नेता ही मंत्री या विधायक हैं, जो ज्योतिरादित्य सिंधीया के साथ कांग्रेस छोड़कर आए थे। इधर बात करें संसदीय क्षेत्र की तो मुकेश काला, केकेसिंह कालूखेड़ा और विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा, विजय गुर्जर जैसे नेताओं और इनकी बात का वजन हुआ करता था। यहां तक की चुनावों में टिकीट वितरण जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों में इनकी राय महत्व रखती थी। हालांकि, अब भाजपा में वह सम्मान नजर नहीं आ रहा। कांग्रेस में चुनाव का टिकीट या महत्वपूर्ण पदों पर रहने वाले यह नेता फिलहाल उस तरह के सम्मान को तरस रहे हैं। यह जरुर है कि हर बार इनका नाम टिकीट के दावेदारों के रूप में सामने आता है। लेकिन, कांग्रेस में इनका नाम सामने नहीं आता था, इन्हें टिकीट मिलना तय माना जाता था। अगर नहीं भी मिले तो इनकी राय महत्वपूर्ण हुआ करती थी।



### भाजपा नेताओं के साथ फोटो खींचवाकर कर रहे खुद को साबित...

यह सत्य है कि अभी भी भाजपा नेता या कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर आए भाजपा नेताओं को पूर्व कांग्रेस नेता ही मानती है। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि कई सार्वजनिक या पार्टी के कार्यक्रमों में पुराने भाजपा नेताओं को एक साथ गपशप करते देखा जाता है तो वहीं कांग्रेस छोड़कर आए नेताओं से पुराने भाजपा नेता या कार्यकर्ता थोड़े कटे से रहते हैं।

### समर्थक नहीं जुटा पाए...

किसी भी चुनाव को लड़ने या टिकीट की दावेदारी के लिए पार्टी उसके पिछे समर्थकों की भी जांच करती है। यह भी सर्वे का महत्वपूर्ण बिंदु होता है। कांग्रेस में पद होने के कारण समर्थक इनके साथ थे। टिकीट की सिफारिश को लेकर इनके देवरे धोके जाते थे। लेकिन भाजपा में आकर यह इतना दम नहीं रखते कि किसी के लिए टिकीट की सिफारिश करें और उनकी बात को शत प्रतिशत मानी जाए। यहीं कारण है कि कांग्रेस के वरिष्ठ रहे इन नेताओं के पिछे समर्थकों की संख्या कम ही देखने को मिलती है।

### हरदीपसिंह डंग को भी नहीं बनाया मंत्री...

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग को भाजपा ने उपचुनाव में उतारा। इसके बाद उन्हें फिर से मंत्री पद से नवाजा गया। इस बार भी अच्छे खासे अंतर से जीते हरदीपसिंह डंग को मंत्री पद की आस थी। लेकिन, इस बार उन्हें भी मंत्री नहीं बनाया गया।

### इनका कहना...

भाजपा में पूरा सम्मान है। भाजपा की वर्किंग कार्यकर्ता बेस की है। यहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर रहता है। कांग्रेस में कोई सिस्टम ही नहीं है। मुझे प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है।

**केकेसिंह कालूखेड़ा**
**भाजपा नेता जावरा**

भाजपा में पूरा सम्मान है। कांग्रेस से आने वालों में किसी को संगठन तो किसी को सरकार में मौका दिया गया है। संगठन सर्वोपरी है। कांग्रेस में संगठन नहीं व्यक्ति सर्वोपरी होता है।

**विजेंद्रसिंह मालाहेड़ा**
**पूर्व विधायक, मनासा**

कांग्रेस में टूटन से उसके नेता घबराहट में मनगढ़ंत बातें कर रहे हैं। वे अपने नेताओं को टूटने से बचाने के लिए इस तरह की सूची जारी कर रहे हैं। भाजपा में सम्मान नहीं होता तो मुझे प्रदेश कार्यसमिति में कैसे शामिल करते?

**मुकेश काला**
**पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं वर्तमान भाजपा नेता**



# दो प्रांतों में वांटेड चेन स्नेचरों को पुलिस ने दबोचा

## मंदसौर में दो महिलाओं के गले से खींची थी सोने की चेन

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में दिनदहाड़े एक साथ दो महिलाओं से चेन व मंगलसूत्र लूट की वारदातों का पुलिस ने खुलासा करते हुए अन्तरराज्यीय लूटेरों को दबोच लिया है। इन बदमाशो द्वारा राजस्थान के प्रतापगढ़ एवं एमपी के कई शहरो में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था। इनमें से कई मामलो में तो वहां की पुलिस अभी तक बदमाशो को चिन्हित भी नहीं कर पाई है। अब सभी थानो की पुलिस प्रोडक्शन वारंट हासिल कर इन बदमाशो से पूछताछ करेगी। मंदसौर पुलिस भी बुधवार को दोनो आरोपियो को न्यायालय में पेश कर रिमांड लेगी। जिससे कि विस्तृत पूछताछ की जा सके।

पुलिस कप्तान श्री अनुराग सुजानिया ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि मंदसौर शहर में एक ही दिन में हुई दो वारदात का पता लगाने के लिए पुलिस ने शहर कोतवाली टीआई किशोर पाटनवाला के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। जिसने घटना स्थल का अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस को एक महत्वपूर्ण सुराग मिला, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने मंदसौर से राजस्थान के प्रतापगढ़ तक कडी से कडी जोडकर आरोपियों का पता लगाने के प्रयास प्रारंभ किए। इस दौरान आरोपियों की पहचान प्रोफेशनल चेन स्नेचर्स जितेन्द्र ऊर्फ भीमा के रूप में हुई। पुलिस ने उसका पता लगाने का प्रयास किया तो पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पुन: किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना में मंदसौर तरफ रवाना हुए हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमो द्वारा भी योजनाबद्ध तरीके से मंदसौर प्रतापगढ रोड नाका नं. 10 पर घेराबंदी कर बाईक पर सवार दोनो आरोपियों जितेन्द्र ऊर्फ भीमा एवं ईशाक को गिरफ्तार कर लिया।

### टोपी लगाकर देते है वारदात को अंजाम...

घटना के समय बदमाश अकसर सिर पर केप लगाये रखते है। जिससे सीसीटीवी कैमरे मे अपनी पहचान छिपा सके। गिरफ्तार दोनो आरोपी अन्तरराज्यीय शातिर बदमाश होकर प्रोफेशनल चैन स्नेचर्स हैं। आरोपी दिन दहाड़े बाईक पर सवार होकर व्यस्तम ईलाको में अकेली महिलाओं के गले से चैन छीनकर भागने में निपुण है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ भीमा मूल रूप से सांवेर जिला इन्दौर का निवासी होकर कुख्यात चेन स्नैचर हैं। भीड़ भाड़ वाले ईलाको में महिलाओ के गले से चेन छीन कर बाईक से फरार होने में शोहरत रखते हुए इस प्रकार की वारदातो को अंजाम देता हैं।

### कुख्यात लूटेरे है बदमाश...

आरोपी भीमा व उसका साथी ईशाक अन्तरराज्यीय अपराधी होकर कुख्यात चेन लूटेरे हैं। जिनके विरूद्ध लूट, चोरी सहित अन्य विभिन्न गंभीर धाराओं में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी जितेन्द्र ऊर्फ भीमा द्वारा पूर्व में माह जून व अक्टूबर 2023 में जिला नीमच, नवंबर 2023 में नागदा तथा खाचरौद जिला उज्जैन, दिसम्बर 2023 में निम्बाहेडा राजस्थान तथा रतलाम एवं बडवानी व खरगोन जिलों में भी अपने अन्य साथियो के साथ चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देना कबूल किया गया। इस प्रकार सनसनीखेज लूट की घटना में पुलिस टीम द्वारा अपनी व्यवसायिक दक्षता एवं लगतार कठोर परिश्रम के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए प्रकरण में आरोपियो द्वारा घटना में लूटे गये सामान को बेचने के पूर्व ही आरोपियों को गिरफ्त में लेकर मश्रुका बरामद करने में सफलता अर्जित की गई है। आरोपियो को आश्रय देने वाले उनके साथी को भी अपराध में अभियुक्त बनाया गया हैं, जिसकी गिरफ्तारी शेष हैं।

### कपड़ो के साथ ड्रायवर भी बदल लेते थे लूटेरे...

पुलिस कप्तान श्री सुजानिया ने बताया कि पकड़े गए बदमाश मोटरसाईकिल पर बैठकर भ्रमण करते है तथा किसी महिला को अकेली पाकर मौका देखकर उसके गले मे पहने चेन, मंगलसूत्र को खीचकर अपनी मोटरसाईकल से फरार हो जाते है। बीच में कहीं रुक कर घटना के समय पहने कपड़े निकालकर अपने पास रखे बेग मे रख लेते है और वाहन चलाने वाला पीछे बेठ जाता है व पीछे बैठने वाला वाहन चालक बन जाता था।

### भीमा का भाई भी बड़ा बदमाश...

मामले में मुख्य आरोपी जितेन्द्र उर्फ भीमा का बड़ा भाई भी सांवेर का बड़ा बदमाश है। उस पर डेढ़ दर्जन से ज्यादा प्रकरण दर्ज है। इस समय वह हत्या के एक मामले में जैल में बंद है। इधर भीमा के भतीजे को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। वह प्रतापगढ़ में रहता हैं और भीमा वारदात के बाद उसके घर ही ठहरा था।

## शिवना में मिला महिला का शव

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपति नाथ मंदिर के निकट शिवना नदी में मंगलवार की शाम एक महिला की लाश दिखाई दी। शव देख स्थानीय लोगों ने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी से महिला की लाश को निकाल कर कब्जे में लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बड़े अस्पताल के मॉर्चुरी में भेजा गया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला के पास से एक आधार कार्ड मिला है। जिसके आधार पर उसकी पहचान धापू बाई पति हीरालाल लोधी 72 वर्ष निवासी सेतखेड़ी के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों को सूचित किया है। महिला की मौत कैसे हुई और वह यहां तक कैसे पहुंची। इसको लेकर पुलिस जानकारी जुटा रही है।

# सप्ताह में एक दिन बस्ता विहीन

## दूसरी कक्षा तक नहीं मिलेगा होम वर्क

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूलों में सप्ताह में एक दिन बस्ता विहीन दिवस होगा। यह व्यवस्था सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में लागू होगी। वहीं, पहली कक्षा के स्टूडेंट के स्कूल बैग का अधिकतम वजन 2 किलो 200 ग्राम होगा। जबकि, 10वीं क्लास के स्टूडेंट्स के बस्ते का अधिकतम वजन 4.5 किलोग्राम होगा। साथ ही पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों को होमवर्क नहीं दिया जाएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूल के बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करने के लिए सख्ती दिखाई है। आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने नए शैक्षणिक सत्र (2024-25) से स्कूल बैग पॉलिसी का सख्ती से पालन कराने के निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा है कि हफ्ते में एक दिन बच्चों को बगैर बैग के बुलाया जाए और उनसे व्यवसायिक कार्यानुभव से संबंधित गतिविधियां कराई जाएं, ताकि उनकी व्यवसायिक क्षेत्र में रुचि और ज्ञान बढ़े। यह भी तय किया है कि पहली से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों को होम वर्क नहीं दिया जाएगा। उनकी अभ्यास पुस्तिकाएं, वर्क बुक और अन्य आवश्यक सामग्री स्कूल में ही रखने की व्यवस्था की जाएगी। बता दें कि विभाग ने वर्ष 2020 में यह पॉलिसी जारी की थी, जिसका अब कड़ाई से पालन कराया जाएगा। यह व्यवस्था सभी (सरकारी, निजी और अनुदान प्राप्त स्कूल) पर लागू होगी।

### नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेंगे चार्ट...

पॉलिसी के तहत पहली के विद्यार्थी के बस्ते का बोझ 1.6 से 2.2 किलो ग्राम और 10वीं के विद्यार्थियों के बस्ते का बोझ 2.5 से 4.5 किलो ग्राम से अधिक नहीं रखा जा सकेगा। कक्षा दो तक के विद्यार्थियों को होम वर्क नहीं दिया जाएगा। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों को प्रति हफ्ते 2 घंटे, छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 1 घंटे और नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 2 घंटे का होमवर्क दिया जाएगा। स्कूल को नोटिस बोर्ड पर बस्ते के बोझ का चार्ट प्रदर्शित करना होगा। इस पर स्कूल की शाला प्रबंधन समिति नजर रखेगी। समिति इस तरह से समय सारणी तैयार करेगी कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन सभी पुस्तकें/कापियां नहीं लानी पड़े और बस्ते का वजन भी नियंत्रित रहे। कम्प्यूटर, नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा, खेल और कला की कक्षाओं में पुस्तकें लाना अनिवार्य नहीं होगा। विभाग ने साफ कहा है कि यह कक्षाएं बगैर पुस्तकों के ही लगाई जाएं।

### तीन माह में करेंगे डीईओ बस्ते की जांच...

स्कूल बैग पॉलिसी के मुताबिक ही बस्ते का वजन हो, यह देखने और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को सौंपी गई है। वे प्रत्येक तीन माह में विद्यार्थियों के बस्ते की रेंडम जांच करेंगे।

# राज्यसभा के 5 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

## चार भाजपा, 1 सीट कांग्रेस को मिली



**भोपाल, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए सभी पांच प्रत्याशियों को निर्विरोध चुन लिया गया है। राज्यसभा की चार सीट भाजपा के खाते में गई है, वहीं एक सीट कांग्रेस को मिली है। इनमें भाजपा के चार प्रत्याशी केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, बंसीलाल गुर्जर व माया नारोलिया राज्यसभा सांसद चुने गए हैं। वहीं कांग्रेस के एक प्रत्याशी अशोक सिंह भी निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित हुए हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी का समय तय था। किसी ने नाम वापस नहीं लिया। जिसके बाद दोनों ही दलों के प्रत्याशियों को निर्विरोध चुन लिया गया।

# पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी कल रतलाम में



**रतलाम, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ रतलाम आना तय है। आगामी 2 मार्च को न्याय यात्रा रतलाम जिले में प्रवेश करेगी। यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी कल 22 फरवरी को रतलाम आएंगे। पीसीसी अध्यक्ष पटवारी न्याय यात्रा को लेकर रतलाम शहर, रतलाम ग्रामीण एवं सैलाना क्षेत्र में आएंगे। पटवारी रतलाम शहर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक लेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया कि रतलाम जिले में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगामी माह में प्रस्तावित है। इसी को लेकर पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी रतलाम आएंगे। मणीपुर से निकाली गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी उज्जैन जिले के बड़नग़र से बदनावर होकर रतलाम आएंगे। रतलाम शहर में दो बत्ती क्षेत्र में उनकी नुक्कड़ सभा होगी। राहुल गांधी रतलाम से सैलाना के बीच रात्रि विश्राम भी करेंगे। राहुल गांधी की यात्रा का रुट तय करने वाले न्याय यात्रा टीम के प्रभारी सुशांत के साथ पूर्व विधायक प्रियवृतसिंह, कुणाल चौधरी व सैलाना के पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत भी पिछले सप्ताह में सैलाना में सभा स्थल से लेकर रुट की व्यवस्थाओं को देख चुके है।

# इस महीने 12वीं बार हुई सर्वर में परेशानी

## आरटीओ का सर्वर डाउन, परमानेंट लाइसेंस के लिए परेशान लोग

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आरटीओं में सर्वर की परेशानी के चलते लगातार परेशानियो का दौर जारी है। स्थिति यह है कि जैसे तैसे 14 फरवरी को करीब 11 दिन बाद सर्वर ठीक हुआ, मगर सोमवार को एक बार फिर सर्वर की परेशानी के चलते परमानेंट लाइसेंस के आवेदकों को परेशान होना पड़ा। यह भी कह सकते है कि समस्या अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हो पा रही है। बता दें कि यह परेशानी सिर्फ लाइसेंस आवेदकों को हुई, अन्य काम समान्य दिनों की तरह जारी रहे। पिछले करीब साल भर से लगातार इस तरह की परेशानी प्रदेशभर में चल रही है। जिसके चलते हर दो-तीन महीने में यह समस्या लगातार... **शेष पेज 4 पर**

# पासपोर्ट कार्यालय की औपचारिक शुरुआत करेंगे डिप्टी सीएम देवड़ा

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जिला मुख्यालय के सुशासन भवन कलेक्ट्रेट कार्यालय के कमरा नंबर 101 में बुधवार से पासपोर्ट ऑफिस का औपचारिक शुभारंभ हो जाएगा। इसका शुभारंभ डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा करेंगे।**



मुख्य पोस्ट ऑफिस अधीक्षक मंदसौर ने बताया कि विदेश मंत्रालय एवं डाक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र खुल रहा है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल का मध्य प्रदेश में संचालित होने वाला होने वाला यह 20 वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र है। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 101 में सुबह 10:30 बजे इसकी शुरुआत करेंगे। यहां पासपोर्ट कार्यालय खुल जाने के बाद जिले के लोगों को भोपाल, उज्जैन या रतलाम नहीं जाना पड़ेगा। अब मंदसौर में पासपोर्ट वेरिफिकेशन होने के बाद पासपोर्ट सीधे घर पहुंच जाएगा।

बता दें कि मंदसौर जिले से प्रतिवर्ष औसतन एक हजार से अधिक लोगों के पासपोर्ट बनते हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रतिदिन चार से पांच लोगों के आवेदन आते हैं। मंदसौर से सिंधी समाज एवं बोहरा समाज के लोगों के रिश्तेदार एवं व्यवसाय विदेशों में होने से वे अधिकांश जाते हैं। इसके अलावा खिलचीपुरा और खानपुरा क्षेत्र से भी अधिक आवेदन आते हैं। इसके साथ ही नीमच में भी इतने ही लोग हर साल विदेश जाते हैं। मंदसौर में पासपोर्ट केंद्र खुलने से सुविधाएं बढने से पासपोर्ट के लिए आवेदकों की संख्या भी बढ़ेगी। नीमच जिले के लोगों को भी अब रतलाम, इंदौर, भोपाल नहीं जाना पड़ेगा।

### पासपोर्ट सेवा केंद्र की प्रक्रिया...

विदेश मंत्रालय द्वारा सभी जिलों में पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने की हरी झंडी मिलने के बाद मंदसौर में भी दिसंबर 2018 से प्रयास शुरू हुए थे। प्रारंभ में मुख्य डाकघर परिसर में स्थित खाली पड़ी भूमि को चिह्नित किया गया। लेकिन, यह भूमि मापदंडों पर खरी नहीं उतरी। इसके बाद सांसद सुधीर गुप्ता ने मेघदूत नगर में ज्ञानदूत वाचनालय से लगे पुराने परिवहन कार्यालय के भवन में पासपोर्ट कार्यालय स्थापित करने की बात कही थी। इसके लिए नगर पालिका को साफ-सफाई एवं मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए गए, लेकिन बाद में आगे पहल नहीं हुई थी। अब जाकर कलेक्टर कार्यालय में ही कक्ष क्रमांक 101 में इसकी शुरुआत हुई है।


दुआ है कामयाबी के हर शिखर पर आपका नाम होगा।
आपके हर कदम पर दुनिया का सलाम होगा॥
हिम्मत से मुश्किलो का सामना करना।
हमारी दुआ है कि वक्त भी एक दिन आपका गुलाम होगा॥



भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, हुडको के डायरेक्टर, जन नेता आदरणीय

**श्री बंशीलालजी गुर्जर**

को राज्य सभा सांसद निर्विरोध निर्वाचित होने पर

**हार्दिक बधाईयां शुभकामनाएं**



****** बधाईकर्ता ******

**पप्पूसिंह झाला**

भून्याखेड़ी-मंदसौर

# परिश्रम ही सफलता की कुंजी है औपचारिकताओं में कोई तंत नहीं

## गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा पुलिस कॉलोनी स्थित मंदिर व पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया



**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गायत्री परिवार व वर्क संस्था द्वारा पुलिस कॉलोनी पोस्ट आफिस के पीछे बालाजी मंदिर व पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर पार्क में अधिक गंदगी पाई गई। काफी गंदगी श्रमदानियों ने साफ कर दी है। इस दौरान पुलिस भाईयों व क्षेत्रवासियों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया और कांटे वाले पेड़ पार्क में हो गये थे जिन्हें साफ किया गया। एक बार श्रमदान और वहां पर किया जायेगा। जब वहां शेष बची गंदगी को साफ किया जायेगा। श्रमदानियों ने वार्ड के पार्षद को भी अवगत कराकर कहा कि नगरपालिका से पार्क की सफाई कराई जावे तथा जिससे आने वाले समय वहां पर क्षेत्रवासी बैठ सके, घूम सके और शुद्ध हवा ले सके।

गायत्री परिवार के प्रभारी हर्ष शर्मा व रमेश सोनी ने कहा कि वार्ड के पार्षद को वहां सर्वे कराकर गंदगी को नगरपालिका से साफ कराना चाहिये। जिससे आने वाले समय में गंदगी से बीमारी न फैले। वर्क संस्था के फिरोज मंसूरी ने कहा सफाई हर व्यक्ति को अच्छी लगती है। ऐसे लोग गायत्री परिवार से जुड़कर स्वच्छता अभियान में भाग लेवे ताकि शहर को गंदा होने से बचाया जा सके और नगर में पार्क में पेड़ पौधे लगे और वहां घुमने से हम को ऑक्सीजन मिल सके। गंदगी करना बहुत सरल है लेकिन सफाई करना बहुत कठीन है। स्वच्छता अभियान में सभी सामाजिक संस्थाओं को भी जुड़कर कार्य करना चाहिये अन्यथा आने वाले समय में गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। गायत्री परिवार द्वारा समय-समय पर जल अभियान, पर्यावरण अभियान, स्वच्छता अभियान नगर में चलाया जाता है। योगेशसिंह सोम ने कहा कि अब समय कहने सुनने का नहीं है वास्तव में कुछ करने का है हर व्यक्ति इस संदर्भ में अपनी प्राथमिकताएं खुद ही निश्चित कर ले और उन्हें कार्य रूप में परिणित करने में जुट जाये। समस्याये हमारे सामने है अपनी परिधि के अंदर अपनी क्षमता के अनुरूप अपनी सामर्थ्य के अनुसार हममें से हरेक को अपना-अपना कर्तव्य स्वयं निश्चित करना है और उसे अमल में लाना है। बी.एल. चौहान ने कविता प्रस्तुत कर बताया कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है औपचारिकताओं में कोई तंत नहीं है। श्रमदान करने वालों में सुरेश कुमार वाघमारे, जाफर मंसूरी, योगगुरु बंशीलाल टांक, उजेर हुसैन मंसूरी, फिरोज हुसैन, सेवानिवृत्त सहायक कोषालय अधिकारी बी.एल. चौहान, नालछा माता ट्रस्टी हर्ष शर्मा, रमेश सोनी, एचडीबी बैंक कर्मचारी महेन्द्र चाचरिया, हेमन्त, योगेशसिंह सोम, पुलिसकर्मी राजूवीर, सुरेश आदि ने श्रमदान किया।

## रामचरणजी महाराज का प्राकट्य महोत्सव 23 को

**मनासा, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राम स्नेही सम्प्रदाय के आराध्य श्री रामचरण जी महाराज 304 वा प्राकट्य महोत्सव 23 फरवरी को स्थानीय श्री रामद्वारा में सम्प्रदाय के विद्वान संत श्री मस्तराम रामजी के सानिध्य में पुरे उत्साह व आस्था के साथ धूमधाम के साथ मनाया जावेगा इस अवसर पर विधायक माधव मारू का सम्मान भी सम्प्रदाय द्वारा किया जायेगा जयंती पर्व के आयोजित कार्यक्रम अनुसार दी.22 फरवरी को स्थानीय रामद्वारा में रात्रि 8बजे से 12 रामद्वारा में भव्य जागरण होगा 23 फरवरी को दोपहर 3 बजे रामद्वारा से नगर में बैंड बाजे व सुंदर सुसज्जित पालकी में आराध्य रामचरण जी महाराज की सुंदर झांकी के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुन: रामद्वारा आएगी। इस अवसर पर वाणी जी का पाठ, संत श्री मस्तराम जी के मुखारविंद से प्रवचन होगे। साथ ही विधायक माधव मारू का सम्मान किया जायेगा शाम 7 बजे महा आरती के बाद प्रसादी होगी।राम स्नेही सम्प्रदाय के राम स्नेही सम्प्रदाय के अभी बंधुओ से इस अवसर पर अपना अपना व्यवसाय बंद रख कर जयंती पर्व को सफल बनाने की अपील की हे।

# सत्संग ही नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर ले जाता है

## श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के सत्संग भवन में आचार्य श्री रामानुज के उदगार



**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मनुष्य जीवन में दुखों का आना बहुत स्वाभाविक प्रक्रिया है दुखों को मिटाया तो नहीं जा सकता किंतु भुलाया जरूर जा सकता है इसीलिए गोस्वामी तुलसीदास जी ने हनुमान चालीसा की इस पंक्ति में कहा है कि 'तुम्हरे भजन राम को पाए जनम जनम के दुखह बिसरावे।' उन्होंने यह नहीं लिखा कि 'दुख मिट जाए।' दुखों को भूलने के लिए हमें सत्संग का सहारा लेना चाहिए।

यह विचार आचार्य श्री रामानुज जी ने श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के सत्संग भवन के शुभारंभ दिवस रात्रि कालीन प्रवचन में व्यक्त किए। आपने कहा कि नकारात्मकता से सकारात्मक की ओर जाना ही सत्संग है। अच्छा संग जीवन की सबसे बड़ी सार्थकता और ईश्वर की महती कृपा है।हमारे मित्र कैसे हैं हम किन के साथ उठते बैठते हैं इसका हमारे जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। सत्य यथार्थ का प्रतीक है धर्म शास्त्रों ने सत्य को सार्वभौम सिद्धांत माना है पुराण की दृष्टि में सत्य ही ईश्वर है वेदांत ने सत्य को ही ब्रह्म स्वरूप बताया है। और इसी सत्य का संग सत्संग है। जहां राग द्वेष छल कपट अहंकार है वहां सत्संग खत्म हो जाता है। सत्संग के आरंभ में आचार्य श्री रामानुज जी का श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार जोशी, सचिव धन्नालाल भगत,कोषाध्यक्ष गोपाल गोयल तथा ट्रस्टी गण अशोक गुप्ता ओम प्रकाश व्यास आदि ने किया। श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा विगत माह स्वर्ण कलश आरोहण और 108 कुंडीय हनुमंत महायज्ञ के 6 दिवसीय महोत्सव के अद्भुत और सफल आयोजन के उपलक्ष में सारस्वत ब्राह्मण समाज द्वारा सत्संग भवन में इसी समारोह में आचार्य श्री रामानुज जी एवं ट्रस्ट अध्यक्ष श्री त्रिवेदी सहित समस्त ट्रस्टी गणों का शाल ओढा कर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में सारस्वत ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु आचार्य, प्रदीप जोशी, शैलेंद्र आचार्य,चंचल आचार्य, स्वप्निल ओझा, विवेक तुगनावत नितिन शुक्ला विकास आचार्य आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर सर्व श्री अशोक झलोया, डॉ. कुशल शर्मा, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र चाष्टा, सचिन पारिख, कुलदीप सिंह सिसोदिया बंशीलाल टांक सहित नगर के अनेक गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया आभार दिलीप कुमार जोशी ने माना।




# मल्हारगढ़ क्षेत्र में अभी तक 700 करोड़ रुपए की सड़कें निर्मित की गई -उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने लसूड़िया राठौर में 6 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले हाई स्कूल भवन का भूमि पूजन किया

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लसूड्यिा राठौर में 6 करोड़ 75 लाख 23 हजार की लागत से निर्मित होने वाले हाई स्कूल भवन का भूमि पूजन किया। इस भवन का निर्माण पीआईयू विभाग द्वारा किया जाएगा। 18 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली पेयजल टंकी एवं पाइप लाइन निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, कर्मचारी, ग्रामीण जन एवं पत्रकार उपस्थित थे।

भूमि पूजन के दौरान उन्होंने कहा कि स्कूल का भवन बहुत अच्छा बनाये। भवन निर्माण में किसी तरह की कोई कमी नही होनी चाहिए। स्कूल निर्माण से आसपास के असंख्य विद्यार्थियों को लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि अच्छी पढाई करें। अपने गांव तहसील, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करें माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें एवं अनुशासन में रहे। आगामी सत्र से स्कूल में 11वीं की कक्षाएं भी संचालित होना शुरू होगी। स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत सभी बच्चे अपने आसपास गंदगी ना होने दे एवं बड़ों को भी गंदगी करने से रोके। मल्हारगढ विधानसभा में अभी तक 700 करोड़ रुपए की सड़के बनाई गई है। शिक्षा के क्षेत्र में, सिंचाई के हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास हुआ है। लसूडिया राठौर में पेयजल टंकी के निर्माण से हर घर तक शुद्ध पीने का नल से जल मिलेगा।

# धूमधाम से मनेगी विश्वकर्मा जयंती कुमावत समाज निकलेगा चल समारोह



**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कुमावत समाज के द्वारा प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 22 फरवरी गुरुवार को भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर चल समारोह भी निकाला जाएगा जो प्रमुख मार्गो से होता हुआ राम जानकी मंदिर पर पंहुचेगा जहां चल समारोह का समापन होगा।

भगवान श्री विश्वकर्मा महोत्सव समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल कुमावत कांजी पटेल ने बताया कि कुमावत समाज के द्वारा प्रतिवर्ष भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाती है। इस वर्ष भी 22 फरवरी गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह समाजजनों के द्वारा वर्ष भर अपने कार्य में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न औजारों की पूजा अर्चना की जाएगी। उसके बाद सभी समाज जन मिलकर सामूहिक रुप से नरसिंहपुरा नयागांव स्थित चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा जी महाआरती में सम्मिलित होकर चल समारोह में शिरकत करेंगे। चल समारोह श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर से निकलेगा जो नरसिंहपुरा के मुख्य मार्गो से होता हुआ भागवत नगर, नरसिंहघाट रोड होता हुआ पुन: श्री चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेगा, जहां चल समारोह का समापन होगा। इस अवसर पर बडी संख्या में कुमावत समाजजन उपस्थित रहेंगे।

# सभी विभाग समन्वय से कार्य में गति लाकर जिले की रैंक में सुधार लाये-जैन



**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में विभागवार समय-सीमा पत्रों की एक-एक कर सभी विभागों की समीक्षा की। बैठक में नगरीय निकायों में रैंकिग सुधार के कार्य में गति लाये। राजस्व विभाग की समाधान आपके द्वार में लंबित शिकायतों का निराकरण आपसी समन्वंय एवं प्राथमिकता से पूर्ण करवाये। योजनाओं के कार्यो की प्रगति बढाये। सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करवाना सुनिश्चित करें। कुछ विभागों की कार्य में उदासीनता पर सूचना पत्र देने के निर्देश दिए। शिकायतों में डी स्तर वालों को सूचना पत्र जारी करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नीमच में जिला अधिकारियो की बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, श्री संजीव साहू सभी एसडीएम एंव जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए समाधान आपके द्वार, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड आंगनवाडी केन्द्रों में शिविर आयोजित कर अथवा पोस्ट ऑफीस से सम्पर्क कर, सभी बच्चों के आधार कार्ड बनवाये। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सतत मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने कहा, कि जिन विभागों को किसी भवन व अन्य निर्माण के कार्य स्वीकृत हुए है, और ज़मीन संबंधी विवाद हो, तो ऐसे प्रकरणों में ज़मीन आवंटन करवाकर, कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाये। योजनाओं, कार्यो की समय-समय पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। कलेक्टंर श्री जैन ने सभी नगरीय निकायों की स्वच्छता सर्वेक्षण रैंक की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि वे स्वच्छता गतिविधियां बढाएं, विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं, स्वंच्छता कार्य में नगरीय निकायों की रैंक में सुधार लाने का प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होने खुले बंद पडे टैंक, बोरवेल बंद या ढंकवाने के निर्देश दिए। ताकि घटना-दुर्घटना से बचा जा सके।

## पासपोर्ट कार्यालय के शुभारंभ में मंदसौर विधायक को नहीं बुलाने पर..

# शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**मंदसौर।** सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि 21 फरवरी 2024 को मंदसौर कलेक्टर कार्यालय में पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ किया जा रहा है। यह आयोजन मंदसौर शहर में हो रहा है लेकिन इस कार्यक्रम में मंदसौर के स्थानीय विधायक माननीय श्री विपिन जी जैन को आमंत्रित नहीं किया गया है । पूर्व में भी इसी तरह प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए माननीय विधायक महोदय को सरकारी कार्यक्रमों में नहीं बुलाया गया जिसकी मेरे द्वारा आपको शिकायत की गई थी लेकिन यह पुन: दूसरी बार ऐसा हो रहा है जिसमें विधायक को आमंत्रित नहीं किया गया है । आपसे अनुरोध है मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का कष्ट करें।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं में जिला प्रदेश में द्वितीय

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं की ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया गया है। माह दिसम्बर 2023 की ग्रेडिंग उप सचिव म.प्र.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा 19 फरवरी 2024 को जारी ग्रेडिंग में जिले ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से नीमच जिला विगत दो वर्षो से टॉप में बना हुआ है। ग्रेडिंग सिस्टिम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं राज्य ग्रामीण आजीविका मिश्नर, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छ भारत मिश्रा, पंचायत, सीएम हेल्पलाईन एवं जिला स्तर पर जनपद पंचायत ग्रेडिग के आधार पर सभी जिलो का माहांत की जिलेवार एवं संभागवार प्रगति का आंकलन किया जाता है, इसमें निरंतर शासन की योजनाओं की लक्ष्यरपूर्ति समय-सीमा में किए जाने तथा विभिन्न मापदण्डों के आधार पर प्रत्येक जिले अंक दिए जाकर रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है, अंको के आधार पर ओवरऑल जिले की ग्रेडिंग अ+, 05 में से 4.50 औसत अंक प्राप्त कर प्रदेश में जिला द्वितीय रहा। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद द्वारा समय-समय पर प्रति सप्ताह समीक्षा की जाकर, योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का त्व-रित निराकरण, निर्धारित लक्ष्यपूर्ति, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यदक्षता हेतु मोटिवेट करना, सभी विभागों के साथ समन्वययक बैठक कर समय-समय पर समीक्षा किए जाने के परिणाम स्वरुप ही नीमच अपनी रैंक को विगत वर्षो से बरकरार रख पाया। इस उपलब्धि में जिले के सभी जन प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कठिन परिश्रम से यह स्था न हासिल होने पर सभी को बधाई दी गई तथा भविष्य में और कठिन परिश्रम के साथ शासन की समस्त योजनओं की लक्ष्यपूर्ति तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुचे, ऐसे प्रयास किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यह जानकारी एसीईओ जिला पंचायत नीमच श्री अरतविंद डामोर द्वारा दी गई है।

# जिले की पंचायतों में सेल्फी पॉइंट बन रहे है आकर्षण का केन्द्र

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद के नेतृत्व में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नीमच जिले की ग्राम पंचायत में ज किए जा रहे नवाचारों को आमजनो द्वारा खूब सराहा जा रहा है ।

जिले सभी 243 ग्राम पंचायतो मैं आई लव ग्राम पंचायत के साइन बोर्ड सेल्फी पॉइंट के नाम से जाने जा रहै है। ये सेल्फी पॉइंट पंचायत एवं सार्वजनिक स्थानो पर लगाए गए हैं जो कि प्रदेश मैं नीमच जिले मे किया गया सर्वप्रथम नवाचार है जो ग्रामीणों को प्रेरणा दे रहा है कि अपनी ग्राम पंचायत को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित रखना है। ग्राम पंचायत हांसपुर के साइन बोर्ड के संबंध में महिलाओं, किसानों, ने बताया कि ये साइन बोर्ड देख कर हमे गर्व होता है, ओर बचो के सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपना फोटो अपलोड कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहै है ।सरपंच हरिशंकर धनगर ने बताया कि सीईओ श्री गुरु प्रसाद के निर्देशानुसार पंचायत में 9 थीम पर आधारित बोर्ड तैयार करवाया गया है। जिसमें स्वस्थ और हरित, बाल हितेषी, महिला हितेषी, आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासित, ओ डी एफ प्लस, टीबी मुक्त, लाडली फ्रेंडली, नशा मुक्ति, बाल विवाह मुक्त, विवाद मुक्त, पंचायत बनाने के प्रयास किए जा रहे है,। ग्राम पंचायत क्षेत्र में लाउड स्पीकर, सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।



# उज्जैन जिले में मावा बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट, चार लोग गंभीर घायल

**उज्जैन, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मावा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह विस्फोट मावा फैक्ट्री के बायलर में हुआ है। बताया जाता है कि घायलों को उपचार के लिए रतलाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सुबह सात बजे हुआ विस्फोट-** पता चला है कि विस्फोट आज सुबह करीब सात बजे हुआ। बायलर में धमाका इतना जोरदार था कि इसकी चपेट में आए चार मजदूर दूर जाकर गिरे।

**फैक्ट्री में अफरातफरी का माहौल -**धमाके बाद फैक्ट्री में अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया। यह फैक्ट्री जिले के खाचरौद इलाके के गोठडामाता गांव में बताई गई है।

**ये हुए विस्फोट में घायल-** जानकारी के अनुसार घायलों के नाम श्यामदास बैरागी, ईश्वर मालवीय, बंटूसिंह कंथारखेडी और आशीष प्रजापत हैं। इनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। विस्फोट किस कारण हुआ इसकी अभी जानकारी नहीं मिल सकी है।



# आम रास्तों एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें-जैन

**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त जनसमस्याओं से संबंधित आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन,एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने मंगलवार को जनसुनवाई कर,-65 लोगों से रूबरू होते हुए निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में एसडीएम डॉ.ममता खेडे, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह,सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आजनां सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ढाकनी के कन्हैयालाल गायरी ने शासकीय जमीन पर कब्जा करने, भरभडिया की मुन्नी बाई ने भूमि पर आने जाने का रास्ता दिलवाने,बिसलवासकला के विनोद बैरागी ने रास्ते में दिवार खडी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, धनेरियाकला की मोतीया बाई सुतार ने पीएम आवास योजना के तहत आवास के लिए भूमि प्रदान करने, नेवड के गोविन्द खारोल ने मकान तोडने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, ग्राम मोडी के कारूलाल ने घटना के रिकार्ड खूर्द-बूर्द करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, टेगौर मार्ग नीमच के जिया एस डेरकी ने नगर सुधार न्यास नीमच एवं नगरपालिका नीमच स्थित बंगला नं.-11 की लीजरेंट अवधि बढाने, रामपुरा के दिनेश बाली ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनासा से बिना सूचना के नौकरी से हटाने, ग्वादलटोली नीमच की पार्वतीबाई ने विधवा पेंशन प्रारम्भ करवाने एवं लसुडियाआंत्री के गणेश ने पैतृक सम्पत्ति से हिस्सा दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुरत किया। जनसुनवाई में योजना क्रमांक-36 नीमच के गणपतलाल, नीमच के चंदनसिंह हरित,महू रोड नीमच की विरवतीबाई काछी, भवानपुरा के नन्दकिशोर अरनियाकुमार बघाना के अनोखीलाल केथवास, नेवड के रामलाल, नीता एवं कवीता धाकड, खेडीमोहल्ला नीमच सिटी के सागर मालवीय, नयागॉव जावद के हीरानाथ योगी, अठाना की कमलाबाई, गिरदौडा के कुलदीप जाटव, भोलियावास के उदयलाल धाकड एवं मूलचंद मार्ग नीमच के माधवलाल कुचबंदिया आदि ने भी आवदेन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर समस्याएं सुनाई।

# मानवीय मूल्यों के पतन की पराकाष्ठा...

**पत्र संपादक के नाम**
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आजकल जैसा पारिवारिक व सामाजिक वातावरण देखने को मिल रहा हे उससे ऐसा लगता हे की हम सब एक चेतना शून्य समाज में रह रहे हे। परिवारो में प्रेम और आत्मीयता के स्थान पर स्वार्थ देखने को मिल रहा हे। स्वयं को आईटी और आर्टिफिशियल इंटिलीजेस एक्सपर्ट बताने वाली सूचना सेठ द्वारा पति से नफरत की आग में अपने ही बेटे की क्रूर हत्या की दिल दहला देने वाली घटना इस बात का डरावना संकेत हे की हमारी मानवीय संवेदनाओ को क्या हो गया हे। हमारा समाज किस दिशा में जा रहा हे। सूचना ने अपने ही चार वर्ष के मासूम बेटे का हत्या कर न केवल मां बेटे के पवित्र रिश्ते को कलंकित किया बल्कि उन भारतीय संस्कारो की भी बेरहमी से हत्या कर दी जिसमे मां का स्थान सर्वोपरि और ममता एवम वात्सल्य से परिपूर्ण माना जाता हे। एक भारतीय मां अपने बेटे की हत्या करने के स्थान पर किसी दूसरे के बेटे की जान बचाने के लिए अपने बेटे की बलि तक दे देती हे। इतिहास में पन्ना धाय का उदाहरण हमारे सामने हे जिन्हे सर्वोच्च उत्कृष्ट बलिदान के लिए जाना जाता हे। जिन्होंने अपने एकमात्र पुत्र का बलिदान देकर मेवाड़ राज्य के कुलदीपक उदयसिंह की रक्षा की थी। सूचना का अपने पति से तलाक के लिए अदालत में मुकदमा चल रहा था। वह नही चाहती थी की उसका पति उसके बच्चे से मिले लेकिन अदालत ने कहा था कि वह हफ्ते में एक दिन बच्चे से मिल सकता हे। पति पत्नी के झगड़े की कीमत एक मासूम ने अपनी जान देकर चुकाई। इन दिनो कुछ महिलाओ द्वारा दुनिया भर में यह बात फैलाई जा रही हे की बच्चे माताओ के पैरो की बेड़ियां होते हे इसलिए जितनी जल्दी उनसे छुटकारा मिल सके बेहतर हे। संभव हे सूचना ने भी यही सोचा होगा। आखिर उस बच्चे की गलती क्या थी ? बच्चो के प्रति इतनी निर्ममता हममे कंहा से आ गई ? क्या आधुनिकता का अर्थ यही हे की हम साधारण मानवीय मूल्य भी भूल जाएं ? यदि शादी और बच्चे कुछ लोगो के लिए जी का जंजाल हे तो उस तरफ बड़े ही क्यों ? और बड़ ही जाए तो उस पवित्र रिश्ते को कलंकित तो न करे। सूचना पड़ी लिखी महिला हे वह तार्किक तरीके से सोच सकती थी किंतु उसने ऐसा नही किया। अपने मासूम बच्चे की जान लेकर आखिर उसे क्या मिला ? निरंकुश जीवन आसानी से विनाश की और अग्रसर हो जाता हे क्योंकि विपत्ति काल में न संभालने के लिए परिवार का मजबूत आधार होता हे और न सही और गलत की परिभाषा तय करने वाला कोई व्यक्ति होता हे। परिवार विघटन का जो दृश्य समाज में दिखाई दे रहा हे की लोग अपने बसे बसाए घर को, परिवार को और छोटे छोटे बच्चो को छोड़कर अपना सुख और स्वार्थ तलाश कर रहे हे। सभी लोग व परिवार इसकी श्रेणी में नही आते हे किंतु इसकी स्वीकार्यता बड़ना परिवार संस्था के लिए घातक हे। बिखरते परिवार आज जमाने की कड़वी सच्चाई हे। भौतिक व आभासी सुखो की आंधी में मानवीय रिश्ते तिनको की तरह बिखर रहे हे। चिंता तो इस बात की हे की संयुक्त परिवार व्यवस्था बिखरने के बाद अब एकल परिवार भी बसने से पहले ही टूट रहे हे इसके कई सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारण हे। सूचना सेठ के इस क्रूर प्रकरण ने इन बातो पर गंभीरता से हम सभी को विचार व चिंतन करने के लिए विवश कर दिया हे।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 10 | 2183 | 2292 |
| उडद | 5 | 5499 | 8399 |
| सोयाबीन | 2500 | 4001 | 4645 |
| गैहु | 2400 | 2210 | 3246 |
| चना | 170 | 4390 | 5612 |
| मसुर | 411 | 5100 | 5671 |
| धनिया | 1035 | 4900 | 7000 |
| लहसुन | 20000 | 8000 | 17200 |
| मैथी | 256 | 5000 | 6250 |
| अलसी | 723 | 4650 | 5090 |
| सरसो | 2800 | 36000 | 4941 |
| तारामीरा | 6 | 4400 | 4580 |
| इसबगोल | 0000 | 0000 | 0000 |
| प्याज | 222 | 810 | 1600 |
| कलोंजी | 000 | 0000 | 0000 |
| डॉलर | 3 | 13911 | 15000 |
| तिल्ली | 15 | 11880 | 14501 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 415 | 5551 | 6786 |

## भस्म आरती और महाकाल दर्शन के नाम पर हैदराबाद के भक्त के साथ एक लाख रुपये की ठगी

**उज्जैन, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हैदराबाद के भक्त के साथ एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। श्रद्धालु ने हैदराबाद से उज्जैन में महाकाल दर्शन, भस्म आरती तथा भक्त निवास में ठहरने के लिए आनलाइन वेबसाइट सर्च की थी। श्रद्धालु को ओंकारेश्वर भी जाना था। वेबसाइट पर दर्ज मोबाइल नंबर पर बात करने पर उसे झांसे में लेकर अलग-अलग बार में करीब एक लाख रुपये आनलाइन जमा करवा लिए। महाकाल पुलिस को शिकायत की गई है।

हैदराबाद निवासी प्रसन्न श्रीशेलम सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी हैं। प्रसन्न ने स्वजन के साथ 5 और 6 मई को उज्जैन में महाकाल दर्शन, पूजन व ठहरने के अलावा ओंकारेश्वर दर्शन का प्लान बनाया था। इसके लिए गूगल पर वेबसाइट सर्च की थी। भक्त निवास अकोमोडेशन नाम की वेबसाइट पर दर्ज नंबर पर काल करने पर आशीष व सतीश नाम के दो अलग-अलग व्यक्तियों से बात हुई थी।

**हैदराबाद शिकायत करने को कहा**–पांच सदस्यों के लिए ठहरने, दर्शन, भस्म आरती के नाम पर उन्हें झांसा देकर अलग-अलग बार में कुल एक लाख आठ हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर करवा लिए थे। मामले में ठगी की आशंका होने पर उन्होंने उज्जैन में पंडित से चर्चा की थी। जिसके बाद महाकाल पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने पूरा मामला हैदराबाद का होने के कारण उन्हें वहीं शिकायत करने को कहा है।



## संसद रत्न से सम्मानित होने पर सांसद गुप्ता का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर, नीमच व जावरा सांसद सुधीर गुप्ता तिसरी बार सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं, इस पर पूरे संसदीय क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं ने आज संसद सेवा केंद्र पर पहुंचकर सांसद गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वगत का क्रम सुबह से ही शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। पूरे संसदीय क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता में स्वागत को लेकर अपार उत्साह रहा। यही नहीं पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से सांसद गुप्ता ने क्षेत्र की कृषि सिंचाई और रेलवे जैसे क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है उसके लिए वह सम्मान के पूरे हकदार है। यहीं नही पूरे देश में हमारा संसदीय क्षेत्र ऐसा है जिसके तीनों जिलों में मेडिकल कॉलेज है। इसी के साथ ही शिक्षा से लेकर कई योजनाओं में हमारा संसदीय क्षेत्र अव्वल है। कृषि के मुख्य सीजन के पश्चात भी रतलाम, जावरा, नीमच के साथ ही मंदसौर सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता आज सांसद सेवा केंद्र पर पहुंचे और अपने लोकप्रिय सांसद का हार-फूलों और ढोल ढमाके से गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही कार्यकर्ताओं के अपार उत्साह और स्वागत को लेकर संसद गुप्ता ने कहां की कार्यकर्ताओं का यह अपार उत्साह और आशीर्वाद उन्हें ऊर्जा और प्रेरणा देता है और यही कारण है कि वह ग्रामीण विकास व शहरी विकास को लेकर केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सके इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता और देव दुर्लभ कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद और अपार उत्साह ही उनकी पूंजी है और इस सेवा कार्य के लिए वह जीवन भर समर्पित है। उन्होंने क्षेत्र की सम्माननीय जनता और कार्यकर्ताओं द्वारा किए इस सम्मान के लिए कहा कि मैं उनका हमेशा ऋणी और आभारी रहूंगा।

इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री व सुवासरा विधायक हरदिप सिंह डंग, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक माधव मारू, रतलाम जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, नीमच जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, जिला पंचायत अध्यक्ष मंदसौर दुर्गा पाटीदार, पूर्व अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, नीमच नपा अध्यक्ष स्वाती गौरव चौपड़ा, युवामोर्चा मंदसौर सुनील पटेल, रतलाम युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बिप्लव जैन, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम शाह, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, नीमच मदन धनगर सहित अन्य पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मिडिया साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कालोनी का फर्जी नक्शा तैयार कराकर दूसरी कालोनी के भूखण्ड अवैध रुप से बेचने के मामले में...

## कालोनाईजर अनिल झालानी सहित दो व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**रतलाम, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के चर्चित कालोनाईजर अनिल झालानी के विरुद्ध अपनी कालोनी मोहन नगर का फर्जी नक्शा तैयार करवाकर बगल की विवेकानन्द कालोनी के प्लाट फर्जी तरीके से बेचने के मामले में धोखाधडी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक मोहन नगर गृह निर्माण समिति के तत्कालीन अध्यक्ष सूर्यकान्त जैन और सचिव अनिल झालानी ने मोहन नगर के लिए नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा स्वीकृत कालोनी के नक्शे से अलग एक फर्जी नक्शा तैयार करवाया गया और दूसरी कालोनी की भूमि में अवैध भूखण्ड कायम कर उन्हे अन्य लोगों को बेच दिया गया। इस मामले में नगर एवं ग्राम निवेश तथा कालोनी सेल द्वारा जांच किए जाने तथा स्थल निरीक्षण किए जाने के बाद ये तथ्य सामने आए।

**इस तरह खुला मामला**– धोखाधडी का यह मामला अलग अलग स्तरों पर की गई शिकायतों की जांच के बाद अजागर हुआ। स्वामी विवेकानन्द गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा ने औद्योगिक क्षेत्र थाने पर शिकायत की थी, कि उनकी कालोनी के भूखण्ड को अवैध रुप से बेचा जा रहा है। इसके अलावा ज्योति नगर निवासी श्रीमती सुषमा चतुर्वेदी ने 11 अप्रैल 2023 को जनसुनवाई में कलेक्टर रतलाम को शिकायत की थी कि उन्होने स्वामी विवेकानन्द कालोनी के अध्यक्ष मनीष शर्मा से 705 वर्गफीट का भूखण्ड क्रय किया था और इसकी रजिस्ट्री भी करवाई थी, लेकिन उन्हे इस भूखण्ड का कब्जा नहीं दिया जा रहा था। शिकायतों की जांच और स्थल निरीक्षण के बाद ये तथ्य सामने आया कि मोहन नगर गृह निर्माण समिति के तत्कालीन अध्यक्ष सूर्यकान्त जैन और सचिव अनिल झालानी ने मोहन नगर के नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत नक्शे की बजाय एक फर्जी नक्शा तैयार करवाया और इस फर्जी नक्शे के मान से अवैध भूखण्ड कायम कर इन्हे लोगों को बेच दिया।

नगर निगम के उपयंत्री मनीष कुमार तिवारी ने कालोनी सेल द्वारा कराई गई जांच के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र थाने



को प्रतिवेदन देकर उक्त आरोपियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का निवेदन किया था। दूसरी ओर मनीष शर्मा द्वारा की गई शिकायत की जांच में भी यही तथ्य सामने आए। सवा बीघा जमीन, 8 भूखण्ड बेचे शिकायतकर्ता मनीष शर्मा ने बताया कि मोहन नगर गृह निर्माण सहकारी समिति के मोहन नगर का वास्तविक नक्शा तीन बीघा जमीन का था, जिसे नगर एवं ग्राम विश विभाग ने स्वीकृत किया था। लेकिन मोहन नगर अध्यक्ष सूर्यकान्त जैन और सचिव ने जो फर्जी नक्शा तैयार किया था, उसमें भूमि करीब सवा बीघा बढाकर दर्शाई गई थी। ये भूमि स्वामी विवेकानन्द कालोनी की थी, जिस पर आरोपियों ने करीब 8 अवैध भूखण्ड बेच दिए।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा आयुष्मान कार्ड समग्र आईडी कार्ड एवं आधार कार्ड हेतु विशेष शिविर सपन्न



**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच श्री सुशांत हुद्दार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, स्थित ए.डी.आर सेन्टर भवन नीमच में आयुष्मान कार्ड, समग्र आई.डी.कार्ड एवं आधर कार्ड हेतु विशेष शिविर मंगलवार को आयोजित किया गया।

शिविर प्रात: 10:30 बजे से प्रांरभ होकर सांय 05:00 बजे तक चला उक्त शिविर में सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सुशांत हुद्दार द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर श्री अजय कुमार टेलर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटीज) नीमच, श्री विजय कुमार सोनकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच उपस्थित थे । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा आयुष्मान कार्ड, समग्र आई.डी. कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आधार कार्ड 53 ,समग्रआई.डी. कार्ड 52, एवं आयुष्मान कार्ड 40 बनवाये गये। शिविर में जिला न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं आमजनो ने भाग लिया एवं शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय से श्री दिपक उपाध्याय, एवं को-ऑर्डिनेटर आयुष्मान भारत निरामया योजना कर्मचारी श्री पुष्पेन्द्र कछावा आयुष्मान मित्र, सी.एस.सी. अर्जुन राठौर, एवं नगरपालिका नीमच से मो. सोहेल, स्थायी कर्मी, श्री गोविन्द्र व्यास, कम्पयुटर आपरेटर, श्री जब्बार हुसैन कम्पयुटर ओपरेटर एवं श्री रोबिन सिंह उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रस्तावित नीमच के कार्यक्रम की तैयारियां प्रारम्भ




**नीमच, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आगामी 23 फरवरी 2024 को नीमच जिले में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ पत्र वितरित करेगें। साथ ही विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेगें।

कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मुख्य मंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में जिला अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौपे गये। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक व्यलवस्थामएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने कार्यक्रम के लिए स्थल, सभा स्थल चयन, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल पर लाने, उन्हे सु-व्यवस्थित ढंग से बैठने की व्यवस्था , परिवहन, मंच व्यवस्थाएं, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं संबंधी दायित्व अधिकारियों को सौपे और सौपे गये, दायित्वों का समय-सीमा में तत्परतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद व सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जीआईएस मैपिंग से पारदर्शी होगा हाउसिंग बोर्ड का सिस्टम, इस तरह मिलेगी संपत्तियों की सारी जानकारी

**भोपाल, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड अपनी सभी संपत्तियों की जीआईएस (जियोग्राफिक इनफार्मेशन सिस्टम) मैपिंग करवा रहा है। अब तक 152 प्रोजेक्ट में जीआईएस मैपिंग पूरी भी कर ली गई है। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड का सिस्टम जहां पारदर्शी होगा, वहीं संपत्ति धारकों को एक क्लिक पर उनके संपत्तियों की जानकारी मिल जाएगी। वहीं रहवासी क्षेत्रों में संपत्ति धारक व्यावसायिक गतिविधियों को संचालन भी नहीं कर पाएंगे।



कोई भी आवंटी geoportal. mp.gov.in पर जाकर अपनी संपत्ति से संबंधित जानकारी और दस्तावेज खोज सकेगा। जैसे आपकी संपत्ति किसके नाम से है, कितना बकाया है, क्षेत्रफल कितना है, कब खरीदा, आवासीय है या व्यावसायिक। खरीदने या बेचने वाला देख सकेगा कि संपत्ति किसके नाम से है। यानी कि जीआईएस मैपिंग होने से संपत्तियों की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी की गुंजाइश भी नहीं रहेगी।

### रहवासी क्षेत्रों का नहीं हो सकेगा व्यावसायिक उपयोग...

मैपिंग के बाद हाउसिंग बोर्ड अपने कार्यालय से ही देख सकेगा कि कौन सी संपत्ति रहवासी या व्यावसायिक है। यदि आप रहवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करते हैं और कोई शिकायत करता है, तो इस मैपिंग के जरिए पता चल जाएगा कि उस संपत्ति की अनुमति कैसी है। लिहाजा आपको या तो परमिशन चेंज करानी पड़ेगी या व्यावसायिक गतिविधि बंद करनी होगी।

इससे सरकार के राजस्व में भी बढ़ावा होगा और मंडल की जमीन पर अतिक्रमण का आसानी से पता चल जाएगा। संपत्तियों की लाइव मॉनिटरिंग होगी। जीआईएस मैपिंग से हाउसिंग बोर्ड भी अपनी हर संपत्ति की लाइव मॉनिटरिंग कर सकेगा। जैसे किसी भी प्रोजेक्ट में कौन सी संपत्ति नहीं बिकी है, कितने प्लाट या घर खाली हैं, पता चल जाएगा। कोई संपत्ति विवादित है या कोर्ट में केस चल रहा है, तो वो भी यहां से पता चल सकेगा। इससे कोई व्यक्ति अपनी विवादित संपत्ति किसी को नहीं बेच पाएगा। साथ ही बोर्ड और शासन के अधिकारी पूरे प्रदेश की अनसोल्ड प्रापर्टी को मुख्य कार्यालय से ही देख सकेंगे। ले-आउट में कुल निर्मित भवन, रिक्त भूमि के साथ-साथ अतिक्रमण वाले भूखंडों पर नवीन योजनाएं विकसित की जा सकेंगी।

### इनका कहना...

नामांतरण, हस्तांतरण जैसी 15 से ज्यादा सेवाएं हम पहले ही ऑनलाइन कर चुके हैं। दस्तावेज और डाटा को सेव करने के लिए हम तेजी से डिजिटाइजेशन का काम कर रहे हैं। अब हम जीआईएस मैपिंग पर काम कर रहे हैं, इससे आवंटी को एक क्लिक में सभी जानकारी घर बैठे मिल सकेगी।

## समाधान आपके द्वार शिविर आज

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चल रहे समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के तत्वाधान में 21 फरवरी 2024 को प्रात: 10 बजे से संजय गांधी उद्यान मंदसौर में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, क्षेत्रीय परिवहन विभाग के सहयोग से आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, लर्निंग लाइसेंस आदि बनवाए जाने अथवा संशोधन हेतु वृहद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शिविर में विद्युत विभाग का भी स्टॉल स्थापित किया जा रहा है। जहां पर विद्युत विभाग से संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री हर्ष सिंह बहरावत ने समस्तजनो से आग्रह किया कि 21 फरवरी को आयोजित हो रहे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपने दस्तावेज बनवाएं अथवा संशोधन करवा सकते है।

## सरपंच का आरोप, सचिव ने निकाली निर्माण कार्यों के लिए 15 लाख की राशि, लेकिन काम नही करवाया

**पिपलियामंडी, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव दौबड़ा के सरपंच ने सचिव पर 15 लाख रुपए का गबन करने का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सीईओ को शिकायत की है। सरपंच कारुलाल पिता भेरुलाल भील ने बताया कि सचिव ने मेरी सील भी बना रही है, जिसका वह दुरुपयोग करता है। सचिव नरेंद्रसिंह चौहान ने आंगनबाडी निर्माण के नाम पर 4.50 लाख रूपये कि राशी निकाल ली, नाला निर्माण के नाम पर करीब एक वर्ष पूर्व 3 लाख रूपये की सचिव ने निकाले, लेकिन कोई निर्माण कार्य नहीं कराया, जेसे ही राशि को लेकर मामला उजागर हुआ तो सचिव ने काम चालू करवा दिया ओर अपने कारनामों पर लीपापोती करने लगा। इससे प्रतीत होता है कि सचिव के उक्त कृत्य में पंचायत इंजिनियर भी सहभागी है। क्योंकि बिना इंजिनियर के सहयोग से इतनी बड़ी राशि कैसे निकल गई ? सरपंच ने आगे बताया दोबडा पंचायत का जब से मैं सरपंच बना हूं तब से मेरे डिजिटल सिग्नेचर भी सचिव नरेंद्रसिंह ही करता है वह अपने हिसाब से पंचायत के भुगतान करता है, मुझे किसी प्रकार का हिसाब नहीं बताता तथा मुझे पंचायत की राशि कितनी आई व कितनी खर्च हुई,, यह नही बताता है। पंचायत सचिव निलंबित हुए तो उसके बाद इंजीनियर जसविंदरसिंह मौके पर काम देखने आए, उन्होंने बताया जिला पंचायत से 15 वें वित्त की राशि 9 लाख रुपए आपके खाते में जमा की गई थी उसका क्या काम किया। मैं और सहायक सचिव राधेश्याम ग्राम पंचायत दोबडा मौके पर गये तो वहां कोई काम नहीं पाया गया। सरपंच ने बताया कि मैं कम पढ़ा लिखा हूं, सिर्फ मुझे साइन हस्ताक्षर करना ही आता है। सचिव ने जो राशि निकाली है, उसका मुझे कोई पता नहीं है और नाजाने कितने फर्जी बिल भी लगाए है, जिसका कोई हिसाब नहीं है। मामले की निष्पक्ष जांच कर सचिव से उक्त राशि वसूल की जाए।

**जल्द हो जाएगा निर्माण कार्य** – इधर पंचायत सचिव नरेन्द्रसिंह चोहान का कहना है आंगनवाड़ी निर्माण कार्य को लेकर राशि निकाली गई है, उसका मटेरियल डाल रखा है, जल्द ही निर्माण कार्य पूरा करवाएंगे।

## लोकार्पण व आधारशिला कार्यक्रम का प्रसारण किया

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उमा गगरानी ने बताया कि दिनांक 20.02.24 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री उष्रा योजना के अंतर्गत देश को 08 बहुविषयक शिक्षा एवं शोध संस्थान के रूप में 13000 करोड़ रूपए से अधिक के प्रोजेक्ट की आधारशिला एवं लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. उमा गगरानी, डॉ. पी एल पाटीदार, डॉ. सुधीर रायजादा,, डॉ. शीला आर्य, डॉ. राजश्री ठाकुर सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक, कर्मचारी एवं 150 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता कीं उक्त प्रसारण में तकनीकि सहयोग श्री कांतिलाल कुमावत ने प्रदान कियों




## जनसुनवाई में 42 आवेदन आए

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 42 आवेदकों की समस्याएंसुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या/ शिकायत/ मांग/ आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।

### इस महीने 12वीं बार...

पेज 1 से जारी

सामने आती है। जिससे आवेदकों को लगातार परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

**अभी भी बनी हुई है परेशानियां...**

करीब 10 दिन हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की वेबसाइट ठप है। हजारों आवेदक परेशान हैं। बताया जा रहा है कि यह वेबसाइट दिन में पूरी तरह से बंद रहती है, वहीं रात 12 के बाद काम करती है। जिससे कि दलालो को लाभ मिल सके।

## श्री विश्वकर्मा जयंति महोत्सव पर दो दिवसीय आयोजन आज से

**मंदसौर, 20 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट जगतपुरा पंचायत मंदसौर द्वारा 33वां भगवान श्री विश्वकर्मा जयंति महोत्सव 21 व 22 फरवरी को श्री विश्वकर्मा गायत्री मंदिर पशुपतिनाथ मंदिर परिसर मंदसौर में धूमधाम से मनाया जावेगा। जिसमें 22 फरवरी को श्री विश्वकर्माजी की सवारी एवं भव्य कलश यात्रा मंदसौर नगर में निकाली जाएगी।



दो दिवसीय आयोजन के तहत 21 फरवरी, बुधवार को रात्रि 8 बजे भगवान श्री विश्वकर्माजी की संगीतमय कथा का आयोजन कथावाचक श्री बलराम शास्त्री (नौगांवा) के मुखारविन्द से होगा। 22 फरवरी, गुरूवार को प्रात: 8.30 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा भगवान व गायत्री माता का अभिषेक, श्रृंगार व पूजन पश्चात् श्री विश्वकर्माजी की सवारी व कलश यात्रा का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा, संजीत नाका से प्रारंभ होगा जो बंटी चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड, घण्टाघर होते हुए श्री विश्वकर्मा गायत्री मंदिर प्रांगण पर पहुंचेगी जहां प्रसाद वितरण होगा। दोप. 12.30 बजे मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री संश्रयकुमार यशपालजी शर्मा नीमच, श्री वेणीरामजी बसवा समाजसेवी कुंचड़ौद, आनन्दीलाल शर्मा आसलिया नाहरगढ़, मांगीलाल रामचन्द्र उच्छाणा आक्या साकतली होंगे। विशेष अतिथि समाजसेवी विनय जांगीड़, भंवरलाल पिता सुखलाल खुंटवा (करजू वाले) दलौदा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा, रमेश शर्मा कचनारा, घनश्याम पिता छगनलाल विश्वकर्मा धतुरिया होंगे। अध्यक्षता समाजसेवी श्री बाबूलाल शर्मा डिडिवेल लीलदा करेंगे। ट्रस्ट अध्यक्ष बंशीलाल पालेचा, उपाध्यक्ष अध्यापक हेमंत सुथार, कन्हैयालाल पालेचा रठाना, कोषाध्यक्ष महेश सामरोदिया गुराड़ियागौड़, सचिव शांतिलाल हमरोदिया मंदसौर, सहसचिव मांगीलाल हमरोदिया मंदसौर, संरक्षक सर्वश्री अमरनाथ पटेल, जगदीशचन्द्र पालेचा बाबूलाल डिडिवेल, कचरूलाल खेराणा, राधेश्याम हमरोदिया, मदनलाल हंसरियावद ने सभी समाजजनों से दो दिवसीय कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उक्त जानकारी संरक्षक बाबूलाल डीडीवेल ने दी।

NAME CHANGE

I MOHAMMAD Holder of Passport No.U0452636 do hereby change my name.to MOHAMMAD (as Given name) TINWALA as Surname) for all purposes. I will henceforth be known in the name MOHAMMAD TINWALA and I also undertake to carry out this name change in all my documents.

sincerely

MOHAMMAD TINWALA S/o AKBAR ALI

BURHANI NAGAR MANDSAUR M.P.-458001

इंदौर के मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर
त्वचा रोग विशेष एवं डर्मेटोलेजर सर्जन

डॉ. परीक्षित शर्मा


एम.डी. (स्कीन)

शनिवार दिनांक 24 फरवरी को शाम 5 से रात 8 और रविवार 25 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

सुविधाएं–✲ चेहरे के कील–मुहासे, चोट व चेहरे के निशान, ऑखों के नीचे कालापन, चेहरे व हाथों का कालापन, ✲ एक्जीमा, सोरियासिस, सफेद दाग का इलाज व सर्जरी, ✲ शरीर पर तिल व मस्सों (Warts) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ गर्भावस्था में होने वाले स्ट्रेचमार्क्स की चिकित्सा, ✲ असमय झड़ते बालों का आधुनिक पद्धति से ईलाज, ✲ शरी पर टेटू (गोदना) को मशीन द्वारा हटाना, ✲ लेजर मशीन द्वारा अनचाहे बालों से छुटकारा, ✲ बच्चों व बुजुर्गो की त्वचा संबंधित समस्याएं, ✲ नाखुन में होने वाले रोगों का उपचार, ✲ सौन्दर्य परामर्श (Cosmetic Consultation)

करजूवाला कम्पाउण्ड, पमनानी हॉस्पिटल के पीछे, स्टेशन रोड़, मंदसौर सम्पर्क–9424813088

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in


मध्यप्रदेश की प्रगति का नया पड़ाव
निरंतर विकास ला रहा बदलाव
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकसित भारत संकल्प-2047 को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का दायित्व संभालने से लेकर अब तक मुख्यमंत्री जी द्वारा हर क्षेत्र को प्रगतिशील और सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक निर्णय किये गए हैं। विकास के प्रयासों का निरंतर क्रम प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहा है।
₹761 करोड़ लागत
के विकास कार्यों का
शिलान्यास एवं लोकार्पण
पूर्वाह्न 11:00 बजे
रेंजर कॉलेज, बालाघाट
₹104 करोड़ लागत
के विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं लोकार्पण
तथा
औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम और
श्रीअन्न (मिलेट्स) मेला का शुभारंभ
अपराह्न 2:30 बजे
पोला ग्राउंड, छिंदवाड़ा
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
21 फरवरी, 2024
• बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के लिए 11 शासकीय स्कूल/कॉलेज के निर्माण कार्य एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण
• 25 गांवों में होगी नल-जल योजना से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता
• सिलिको मेगनीज/फैरो एलायंस प्लांट की स्थापना से ₹ 200 करोड़ का पूंजी निवेश एवं 150 से अधिक रोज़गारों का सृजन
• 200 लीटर प्रतिदिन उत्पादन क्षमता की ग्रेन बेस्ड एथेनॉल परियोजना में ₹ 450 करोड़ का पूंजी निवेश एवं 132 से अधिक लोगों को रोज़गार
• पी.वी.सी. इन्सुलेशन इलेक्ट्रिक टेप निर्माण परियोजना में ₹ 135 करोड़ का पूंजी निवेश तथा 100 से अधिक लोगों के लिए रोज़गार के सृजन सहित विभिन्न विकास कार्यों से बदलेगी तस्वीर
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन
D-11212/23